सलाह | धुरेड़ी मनाने के लिए करना होगा एक दिन का इंतजार

# आज से लगेगा होलाष्टक, 2 मार्च को होलिका दहन



**नवभारत, जबलपुर।** रंगों के पर्व होली के होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू हो जाएंगे जो कि होलिका दहन दो मार्च तक रहेंगे। इस बीच सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। वहीं खगोलीय घटना के चलते रंगोत्सव के लिए भी एक दिन का अतिरिक्त इंतजार भी करना पड़ेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होलाष्टकों को खरे दिन माना जाता है। वही इस बार प्रतिपदा पर चंद्र ग्रहण का योग बन रहा है। जो पूरे देश में देखा जाएगा। जानकारों के अनुसार होलाष्टक 24 फरवरी को दोपहर 3.29 बजे से शुरू हो जाएंगे, जो कि 2 मार्च को होलिका दहन के दिन शाम 7.35 बजे समाप्त होंगे। जबकि धुरेड़ी मनाने के लिए एक दिन का इंतजार करना होगा। होलिका दहन के दूसरे दिन स्नानदान पूर्णिमा पर खग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जिसका सूतक काल सुबह 6.20 बजे से शुरू हो जाएगा। वहीं ग्रहण का स्पर्श दोपहर 3.20 बजे से होगा, जिसका मोक्ष काल शाम 6.46 बजे होगा। ग्रहण काल के दौरान संक्रमण काल होता है जिसमें उत्सव मनाने की मनाही होती है। इसलिए धुरेड़ी प्रतिपदा तिथि पर चार मार्च को मनाई जाएगी। इसी तरह भाई दूज टीका भी 5 मार्च को लगेगा।

### नया सामान खरीदना प्रतिबंधित

खरे दिन में कोई भी नई वस्तु नहीं खरीदी जाती है। इस दौरान वाहन, मकान निर्माण, नए वस्त्रों व बर्तन आदि की भी खरीदी नहीं की जाती है। साथ ही मांगलिक कार्य भी वर्जित रहते हैं। बता दे कि चंद्र ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में होगा, ये सिंह राशि वालों के लिए उचित नहीं माना जा रहा है। ऐसे में इस राशि की गर्भवती महिलाएं ग्रहण काल के दौरान घरों ही रहने और नाम, जाप करते रहने की सलाह दी गई है।

### होलिका दहन का समय और मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा। शाम 5:55 बजे से भद्रा काल प्रारंभ होकर 3 मार्च सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। जानकारो के अनुसार इस बार भद्रा भू-लोक में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस अवधि में दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान करना शुभ माना गया है।

### सूखे रंगों से होली खेलना शुभ, चंद्र ग्रहण का रहेगा साया



**नवभारत, जबलपुर।** इस बार की होली को लेकर विशेष जानकारी सामने आ रही है फाल्गुन पूर्णिमा यानी 3 मार्च को धुलेंडी के दिन ग्रस्त उदित चंद्र ग्रहण पड़ने जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार ग्रहण का सूतक सुबह 6:47 बजे से शुरू होकर ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। ऐसे में शाम 6:47 बजे तक सूतक काल माना जाएगा। यही नहीं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार चंद्रमा को जल तत्व का स्वामी माना जाता है। इसलिए ग्रहण के दिन जल से जुड़े कार्यों से बचने की सलाह भी दी जा रही है। इस बार पानी वाली होली के बजाय सूखे गुलाल और अबीर से होली खेलना अधिक शुभ माना जा रहा है।

**बढ़ाता है नकारात्मक प्रभाव** -मान्यता है कि ग्रहण काल में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस दौरान घर में पूजा-पाठ, मंत्र जाप और भगवान का स्मरण करना फलदायी बताया गया है।



## प्रतिभावान छात्रों व खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

▶ संयुक्त रजक समाज ने मनाया संत गाड़गे का 150वां जन्मोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** संयुक्त रजक समाज कनोजिया पंच द्वारा संत शिरोमणि गाडगे महाराज के 150वें जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और संत जी की पूजा-अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथियों में रिंकू विज, नगर निगम अध्यक्ष, विधायक कैंट के पुत्र यश रोहाणी, रत्नेश सोनकर, नगर अध्यक्ष भाजपा, संदीप जैन, अध्यक्ष समरसता संघ, और संदीप रजक, पूर्व आयुक्त निशक्तजन मध्य प्रदेश शासन सहित कई सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष शामिल थे।

समाज के संदीप रजक ने संत जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन श्याम कनौजिया और सुरेश रजक ने किया। समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सामाजिक प्रतिनिधियों, 2024-25 में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों और राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करना रहा। समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश रजक ने अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट रूपकमल रजक, सुरेश रजक, श्याम कनौजिया, विजय कनौजिया, राकेश कनौजिया, पवन रजक, राजेश रजक, अजय रजक, राजू रजक (फौजी), मनोज रजक, आशीष (सोनू) रजक, छोटू रजक सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### संयुक्त रजक समाज सभा ने किया पूजन अर्चन



संयुक्त रजक समाज सभा मध्य प्रदेश द्वारा संयुक्त रजक समाज सभा गौरी घाट धर्मशाला जबलपुर में संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ धर्मशाला में स्थापित संत गाडगे महाराज की प्रतिमा का पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों को सम्मानित कर भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त रजक समाज सभा के संरक्षक बब्बल रजक, बृजलाल बाथरे, रामचरण रजक, अध्यक्ष रमेश रजक, नीरज रजक, राजेंद्र रजक, ओम प्रकाश रजक, आलोक रजक, अजय रजक, मदन रजक रज्जन रजक सहित समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### मासिक बैठक में हुई स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी क्रमांक-4 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिक संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह ने भाग लिया। बैठक में शुद्ध पेयजल के लिए पानी टँकी, वाटर कूलर, एयर कूलर और फैन की नियमित सफाई, अधिकृत अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लिखी दवाओं की उपलब्धता और परामर्श सेवाओं पर चर्चा की गई। डॉ. रावत ने कहा कि लाभार्थियों के लिए शुगर और बीपी जांच की व्यवस्था की गई है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। अनिल शुक्ला ने बैठक के सफल आयोजन में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस. के. राय, तथा स्टाफ मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, जितेंद्र सिंह, आनंद कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, रंजना के योगदान की सराहना की। सलाहकार प्रतिनिधियों ने डिस्पेंसरी-4 के प्रयासों की प्रशंसा की और सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, अंत में डिस्पेंसरी स्टाफ मनोज कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### रादुविवि और प्रगतिशील किसानों के बीच एमओयू

**नवभारत, जबलपुर।** कृषि शिक्षा को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान संस्थान द्वारा 23 फरवरी 2026 को जिले के प्रगतिशील किसानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह ने केवलारी पनागर के उन्नतशील किसान श्री गेंदालाल कुशवाहा तथा पिपरिया कला शहपुरा के किसान श्री आनंद सिंह ठाकुर और श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के माध्यम से कृषि विज्ञान संस्थान के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अंतर्गत खेतों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम में एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. एम.एल. केवट एवं अतिथि विद्वान डॉ. अपर्णा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### कुचबंधिया समाज की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** शीतला माई जबलपुर में सोमवार को महाकौशल कुचबंधिया समाज की विचार संगोष्ठीबैठक संपन्न हुई। आयोजन श्री वीर माना परिसर में आयोजित किया गया था जिसमें नवयुवक कुचबंधिया समाजसंग जिला जबलपुर एवं महाकौशल के वरिष्ठजनो द्वारा बताया गया कि कुचबंधिया समाज की डॉक्यूमेंट्री फिल्मबना ने हेतु कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। माता महारानी दाई ठकुराइन एवं श्री वीर मानाकी पूजा कर दीप प्रज्वलित किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा बैठक प्रारंभ की गई। महाकौशल कुचबंधियासमाज के सभी ग्राम तहसील और ज़िला सिवनी छपारा, नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गोसलपुर, केवलारी, सिहोरा, कटंगी, मझौली, दमोह, सतना, बुढ़ार एवं अन्य जगहों से आए हुए अतिथियों का कुचबंधिया समाज के अध्यक्षसंजय भैसवार द्वारा पारंपरिक तिलक वंदन पुष्प एवं आदिवासी संस्कृति के प्रतीक पीला गमछा से अतिथियों काअभिनंदन किया गया।

## 1635 हितग्राहियों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर का दूसरा दिन सोमवार सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल में सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 5 बजे तक जारी रहा। इस मौके पर जन समूह का ताता लगा रहा। दूसरे दिन में लगभग 1635 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया इसमें 1047 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। वहीं 126 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। आयोजन में लगभग 440 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया।

शिविर में हितग्राहियों ने जनसेवा के इस पुनीत कार्य की क्षेत्रवासियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर में पार्षद जितेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद राकेश पांडे, असित यादव रिंकू, मुन्ना शुक्ला, मुन्ना बेन, उमेश लोधी, रवि सैलानी, संजू भोजक, विनोद दाहिया, दीपू ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे। 24 फरवरी मंगलवार को तीसरे दिन शिविर शुब्बाशाह मैदान में आयोजित होगा। विदित हो कि विधायक लखन घनघोरिया के 1 मार्च के जन्मदिवस के मौके पर कांग्रेस पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है।

### कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव और महामंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग पत्र प्रेषित किया है। प्रदेश के लाखों कर्मचारी वर्तमान में 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ते की प्रतीक्षा में हैं। जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से 58 प्रतिशत की दर से भत्ता मिल रहा है, राज्य कर्मचारियों को अभी भी 55 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जिला सचिव देवेंद्र पचौरी, कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश शुक्ला, रजनीश पांडेय, राजू मस्के, योगेन्द्र मिश्रा, रामदास वरकडे, राम शंकर शुक्ला, सतीश उपाध्याय, विनय नामदेव, राकेश उपाध्याय, राजा राम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी, और सुशील गुप्ता ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के साथ आठ माह के एरियर का नगद भुगतान जल्द करने की मांग की है।



### रेड- येलो स्पॉट खत्म करने चलाया गया सफाई अभियान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की सुंदरता में बाधक बन रहे रेड स्पॉट (पान-गुटखे की पीक के दाग) और येलो स्पॉट (खुले में मूत्र विसर्जन वाले स्थान) को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सोमवार को संभाग क्रमांक 3 एवं 4 के अंतर्गत क्रमशः गौरीघाट एवं छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में एक विशेष सफाई एवं धुलाई अभियान चलाया गया। वहीं शहर के प्रमुख चौराहों, डिवाइडरों और सार्वजनिक दीवारों पर जमी गंदगी और दाग-धब्बों को जेटिंग मशीनों और स्वच्छता कर्मियों की सहायता से पूरी तरह साफ किया गया। सफाई के बाद इन स्थानों को सुंदर बनाने के लिए पेंटिंग या सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं, ताकि दोबारा वहाँ गंदगी न हो।

#### दीवारों-डिवाईडरों को गंदा नहीं करने का दिया संदेश

अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों और राहगीरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर थूकने या गंदगी फैलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए शहर को स्वच्छ रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। नगर निगम के इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सार्वजनिक दीवारों और डिवाइडरों को गंदा न करें। स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए दूसरों को भी प्रेरित करें। रेड एवं येलो स्पॉट' मुक्त जबलपुर बनाने में निगम का सहयोग करें



### संघ की शताब्दी पर 'शतक' फिल्म का सामूहिक प्रदर्शन

फिल्म के माध्यम से संघ के गौरवशाली 100 वर्षों का अनुभव किया

**नवभारत, जबलपुर।** समदड़िया मॉल में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल (तीनों जिला) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनी 'शतक' फिल्म का सामूहिक दर्शन किया। इस अवसर पर मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहनों ने भी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री जितेंद्र, प्रदीप, पंकज, सुमित सहित सभी कार्यकर्ताओं ने फिल्म के माध्यम से संघ के इतिहास, त्याग, तपस्या और शौर्यगाथा का अनुभव किया और भावविभोर हो उठे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रत्येक हिंदू के हृदय में राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और समर्पण की भावना को जागृत करने वाली प्रेरणागाथा है। उनका दृढ़ संकल्प है कि संगठित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है और इसे और मजबूत किया जाएगा।

### दिव्यांगजनों के लिए शिविर 25 को

**नवभारत, जबलपुर।** दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन 25 फरवरी को किया जा रहा है। योजना प्रभारी इन्द्रकुमार वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी को जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र, घमापुर, बाई का बगीचा में दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से 04:00 बजे तक किया गया है, जिन भी दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण की आवश्यकता है, शिविर में उपस्थित होकर अपना चिन्हांकन अनिवार्य रूप कराएं। इसके लिए दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को शिविर में अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जिसमें समग्र आई.डी., आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड (यदि उपलब्ध हो), आय प्रमाण-पत्र (यदि उपलब्ध हो), दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पेंशन स्वीकृति आदेश आदि लाना होगा।

## रोटरी क्लब साउथ ने मनाया 121वां स्थापना दिवस

रोटरी आज लगभग 220 देशों में सक्रिय



**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा रोटरी इंटरनेशनल का 121वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष सारंग भिड़े एवं सचिव अखिल खण्डेलवाल के नेतृत्व में किया गया। पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति नियमितता, निरंतरता, विश्वसनीयता और विनम्रता पर आधारित होती है, इन्हीं मूल्यों के कारण रोटरी आज लगभग 220 देशों में सक्रिय है। कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल की काउंसिल ऑन लेजिस्लेशन हेतु पूरे डिस्ट्रिक्ट से सदस्य चुने जाने पर पूर्व प्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक तथा रोटरी के राष्ट्रीय कार्यक्रम 'दिशा' के सचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर पूर्व प्रांतपाल रोटे. अखिल मिश्र का अभिनंदन किया गया। पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र ने बताया कि रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस ने अपने तीन मित्रों के साथ मैत्री और साहचर्य के उद्देश्य से इस संस्था की स्थापना की थी, जो आज 'स्वयं से परे सेवा' के मूल मंत्र के साथ लगभग 12 लाख रोटेरियनों के माध्यम से मानवता की सेवा कर रही है। पूर्व प्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक ने ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से रोटरी द्वारा संचालित वृहद सेवा योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार वैश्य, रोहित माटा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश सोनी, मकरंद कुलकर्णी, अनंत डिके, राकेश गिरदोनियां, आशीष गुप्ता, रवि वैश्य एवं संतोष जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

बिदाई | सैकड़ों कर्मचारी हुए शामिल

## यूनियन ने पमरे महाप्रबंधक को दी बिदाई



**नवभारत, जबलपुर, ।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (डबलूसीआरएमएस) परिवार ने जोन की मुखिया शोभनाबंधोपाध्याय को उनकी सफलतम रेल सेवा पूरी होने के उपलक्ष्य में उमंग रेल सामुदायिक भवन डीआरएमकार्यालय परिसर में आयोजित भव्य समारोह में भावभीनी विदाई दी। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि संघअध्यक्ष श्री सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में रेलजोन के आला अधिकारी व ंडल अधिकारियों, सैकड़ों महिला कर्मी, यूथ व महिला विंग के पदाधिकारी वकार्यकर्ताओं की उपस्थिति में महाप्रबंधक महोदया को शॉल श्रीफलव स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया ।महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पश्चिम मध्य रेल में महाप्रबंधक महोदया के नेतृत्व में राष्टीय स्तर व रेलवे बोर्ड स्तरपर अनेको मुकाम हासिल कर पश्चिम मध्य रेल का नाम गौरवान्वित किया।

#### दक्षता शील्ड से लेकर एनर्जी सेविंग पुरस्कार तक...

भारतीय रेलवे बोर्ड की ऑवर ऑल दक्षता शील्ड, स्क्रेप मैनेजमेंट शील्ड, एनर्जी सेविंग पुरस्कार, कार्मिक व वित्तशील्ड समेत अनेकों खिताब पश्चिम मध्य रेल को इनके कार्यकाल में हासिल हुए। पश्चिम मध्य रेल के हजारों रेलकर्मियों के लम्बित प्रमोशन भी संघ के आग्रह पर 31 दिसम्बर 2025 के पूर्व किए जिससे उन्हें 8 वें वेतन आयोगका अधिकतम लाभ मिल सकेगा। अनेको रेल कर्मियो के आश्रितो को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की, कई निर्दोषकर्मचारियों की चार्जशीट माफ करने का काम किया, नियत समय पर पीएनम समेत अन्य बैठकें आयोजित की।



### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय राँझी से आये छात्राओं द्वारा ग्राम पंचायत घाना में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आज समापन सत्र संपन्न हुआ।

समापन कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से एनएसएस अधिकारी शोभाराम मेहरा ने शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अतिथि ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और समाज में इसकी उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। सेवानिवृत्त डॉ. जरीना जॉन ने छात्राओं को एनएसएस में भागीदारी और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय से डॉ. बिन्दु शर्मा, रेणुबाला घई, डॉ. दिप्रेन्द यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. माधुरी सिंह, एनएसएस प्रभारी ने किया। शिविर ने छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।